प्रश्नपत्र संख्या
18 06 2

हिंदी विकास मंच द्वारा आयोजित

# राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड

विद्यालय का नाम – ..............................................................................................

प्रतियोगी का नाम – ........................................................ ह० ............ अनुक्रमांक – ................

कुल समयः 1 घंटा | कक्षा-6 | कुल अंकः 100

**निर्देशः** 1) सभी प्रश्नों को ध्यान से पढ़कर सही विकल्प का गोला (●) ओ.एम.आर. (OMR) उत्तर-पत्रिका में भरिए।

2) एक उत्तर के लिए दो गोले भरने व गलत उत्तर देने पर नकारात्मक (–1) अंक दिए जाएँगे।

3) कुल प्रश्न 50 हैं। प्रत्येक प्रश्न 2 अंक का है।

4) किसी प्रश्न में कोई भी गोला नहीं भरने पर न तो अंक दिए जाएँगे न ही काटे जाएँगे।

**सभी प्रश्नों के उत्तर केवल ओ.एम.आर. (OMR) उत्तर-पत्रिका में ही भरने हैं। प्रश्न पत्र में नहीं।**

**प्रश्न 1. 'चंचल' का वर्ण विच्छेद है–**

(क) च् + अ + ञ् + च् + अ + ल् + अ
(ख) च + अ + ञ् + च् + अ + ल् + अ
(ग) च् + अ + च् + न् + ल् + अ
(घ) कोई भी सही नहीं हैं।

**प्रश्न 2. भाषा साधन है–**

(क) शब्दों के आदान प्रदान का
(ख) विचारों के आदान प्रदान का
(ग) ध्वनियों के आदान प्रदान का
(घ) सभी विकल्प सही हैं।

**प्रश्न 3. लिपि कहा जाता है–**

(क) बोलने की शैली को
(ख) सुनने की शैली को
(ग) लिखने की शैली को
(घ) सभी विकल्प सही हैं।

**प्रश्न 4. 'नेपाली' भाषा की लिपि है–**

(क) देवनागरी
(ख) खरोष्ठी
(ग) रोमन
(घ) नेपाली

**प्रश्न 5. स्थानीय भाषा को कहते हैं–**

(क) बोली
(ख) उपभाषा
(ग) मातृभाषा
(घ) क्षेत्रीय भाषा

**प्रश्न 6. 'वाराणसी' है–**

(क) जातिवाचक संज्ञा
(ख) भाववाचक संज्ञा
(ग) व्यक्तिवाचक संज्ञा
(घ) द्व्यवाचक संख्या

**प्रश्न 7. व्यक्तिवाचक संज्ञा शब्द है–**

(क) लालकिला
(ख) नदी
(ग) ठंडा
(घ) शहर

**प्रश्न 8. सही शब्द बताइए–**

(क) आर्शिवाद
(ख) आशीर्वाद
(ग) आर्शीवाद
(घ) आशिरवाद

**प्रश्न 9. स्त्रीलिंग शब्द होते है–**

(क) शक्तिसूचक
(ख) इच्छासूचक
(ग) कोई नहीं
(घ) क, ख दोनों

**प्रश्न 10. 'पंडित' शब्द का स्त्रीलिंग–**

(क) पंडितानी
(ख) पंडिती
(ग) पंडिताइन
(घ) पंडिता

**प्रश्न 11. 'कली' शब्द का बहुवचन–**

(क) कलीयाँ
(ख) कलियाँ
(ग) कलाइयाँ
(घ) कलियों

**प्रश्न 12. 'समय' शब्द का प्रयोग होता है–**

(क) एकवचन में
(ख) बहुवचन में
(ग) दोनों में
(घ) इनमें से कोई नहीं

**प्रश्न 13. कर्ता कारक का चिह्न है–**

(क) ने
(ख) को
(ग) में
(घ) में

**प्रश्न 14. पेड़ से पत्ते गिरते हैं। वाक्य में 'से' विभक्ति है–**

(क) करण (ख) संप्रदान

(ग) कर्ता (घ) अपादान

**प्रश्न 15. भाववाचक संज्ञा का सही विकल्प बताइए–**

(क) सजाना (ख) सजा हुआ

(ग) साज (घ) सजावट

**प्रश्न 16. 'कोई' आ रहा है। वाक्य में 'कोई' शब्द है–**

(क) निजवाचक सर्वनाम (ख) अनिश्चयवाचक सर्वनाम

(ग) पुरुषवाचक सर्वनाम (घ) संबधवाचक सर्वनाम

**प्रश्न 17. 'प्रतिदिन' शब्द क्रियाविशेषण का भेद है–**

(क) रीतिवाचक (ख) कालवाचक

(ग) स्थानवाचक (घ) परिमाणवाचक

**प्रश्न 18. क्रिया होने का तरीका बताने वाला क्रियाविशेषण है–**

(क) रीतिवाचक (ख) कालवाचक

(ग) परिमाणवाचक (घ) स्थानवाचक

**प्रश्न 19. अव्यय का दूसरा नाम है–**

(क) विकारी (ख) विशेषण

(ग) अविकारी (घ) क्रिया विशेषण

**प्रश्न 20. 'साँप' शब्द का पर्याय है–**

(क) अजगर (ख) विषधर

(ग) मयूर (घ) वैरी

**प्रश्न 21. 'आवाज़ उठाना' मुहावरे के अर्थ के लिए सही विकल्प चुनिए–**

(क) खूब गुस्सा होना (ख) अन्याय के विरुद्ध बोलना

(ग) शोर करना (घ) नारे लगाना

हिंदी विकास मंच

**प्रश्न 22. 'उड़ती चिड़िया पहचानना' मुहावरे के अर्थ के लिए सही विकल्प चुनिए–**

(क) चिड़िया को उड़ा देना (ख) मन में ऊँचे विचार आना

(ग) मन के भाव जानना (घ) अंतर्यामी होना

**प्रश्न 23. रेखांकित शब्द के साथ प्रयुक्त सही विराम चिह्न का गोला भरिए–**

**<u>अरे!</u> आप इतनी जल्दी कैसे आए?**

(क) अल्पविराम (ख) अर्धविराम

(ग) विस्मयादि बोधक (घ) पूर्णविराम

**प्रश्न 24. रेखांकित शब्द के साथ सही विराम चिह्न का गोला भरिए–**

**<u>मोहन,</u> सुरेश और मैं उमंग हूँ।**

(क) अल्पविराम (ख) अर्धविराम

(ग) लाघव चिह्न (घ) पूर्णविराम

**प्रश्न 25. 'अप' उपसर्ग वाला शब्द है–**

(क) अपराजित (ख) अपयश

(ग) अपेय (घ) अपच

**प्रश्न 26. 'अभाव' शब्द में उचित उपसर्ग है–**

(क) अ (ख) अभ

(ग) अभा (घ) अभ

**प्रश्न 27. 'विफलता' शब्द में उचित प्रत्यय है–**

(क) वि (ख) विफल

(ग) विफ् (घ) ता

**प्रश्न 28. 'शास्त्री' शब्द में उचित प्रत्यय है–**

(क) शा (ख) स्त्री

(ग) त्रि (घ) ई

**प्रश्न 29. 'गणेश' का संधि विच्छेद है–**

(क) गणे + श　　(ख) गण + एश

(ग) गण + ईश　　(घ) गणः + ऐश

**प्रश्न 30. 'सूर्योदय' का संधि विच्छेद है–**

(क) सूर्य + ओदय　　(ख) सूर्य + उदय

(ग) सूर्यः + उदय　　(घ) सूर्यो + दय

**प्रश्न 31. रेखांकित शब्द का सही अर्थ बताइए–**

**<u>नभ</u> में पक्षी उड़ते हैं।**

(क) आसमान　　(ख) पृथ्वी

(ग) अचल　　(घ) सागर

**प्रश्न 32. रेखांकित शब्द का सही अर्थ बताइए–**

**नीम का <u>वृक्ष</u> देखो।**

(क) वस्त्र　　(ख) पहाड

(ग) अंबर　　(घ) तरु

**प्रश्न 33. संयुक्त व्यंजन वाला शब्द है–**

(क) क्षत्रिय　　(ख) बच्चा

(ग) पल्लव　　(घ) कलंक

**प्रश्न 34. द्‌वित्व व्यंजन वाला शब्द है–**

(क) विज्ञान　　(ख) कबड्‌डी

(ग) श्रीराम　　(घ) गाँव

**प्रश्न 35. तत्सम शब्द बताइए–**

(क) हस्त　　(ख) बंदर

(ग) काम　　(घ) नींद

**प्रश्न 36. तद्भव शब्द बताइए–**

(क) लौह　　(ख) आँसू

(ग) कपाट　　(घ) कार्य

**प्रश्न 37. 'देश' शब्द का विलोम है–**

(क) प्रदेश　　(ख) स्वदेश

(ग) परदेश　　(घ) विदेश

**प्रश्न 38. 'आकाश' शब्द का विलोम है–**

(क) धरती　　(ख) नक्षत्र

(ग) गगन　　(घ) पाताल

**प्रश्न 39. किस शब्द में 'इक' प्रत्यय लगा है?**

(क) सम्यक　　(ख) धार्मिक

(ग) चालक　　(घ) पाठिका

**प्रश्न 40. किस शब्द में 'ता' प्रत्यय लगा है?**

(क) लता　　(ख) मानवता

(ग) पत्ता　　(घ) कुत्ता

**प्रश्न 41. गिनती का सही क्रम बताओ–**

**'छियालीस, सैंतालीस, ............'**

(क) चालीस　　(ख) बयालीस

(ग) अड़तालीस　　(घ) पचास

**प्रश्न 42. 'मैं भी पौधे लगाना चाहती हूँ।'– वाक्य में क्रिया का सही काल बताइए–**

(क) वर्तमान काल　　(ख) भूतकाल

(ग) भविष्यत् काल　　(घ) इनमें से कोई नहीं

**प्रश्न 43. हिंदी महीनों का सही क्रम बताओ–**

**'चैत्र, बैसाख, ........'**

(क) सावन　　(ख) भादो

(ग) ज्येष्ठ　　(घ) आषाढ़

**प्रश्न 44. 'हमने नई कार खरीदी।' वाक्य में 'कार' शब्द का लिंग है–**

(क) पुल्लिंग (ख) स्त्रीलिंग

(ग) कोई नहीं (घ) 'क' 'ख' दोनों

**प्रश्न 45. 'चिर' का अर्थ होता है पुराना और 'चीर' का अर्थ होता है–**

(क) रुमाल (ख) साड़ी

(ग) वस्त्र (घ) एक पेड़

**प्रश्न 46. ज्वाला जल रही है। .......... इसको और भड़का रही है।**

(क) वायु (ख) आग

(ग) अनल (घ) पावक

**निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर में सही विकल्प का गोला भरिए–**

किसी जंगल में एक डाकू रहता था। वह लोगों को मारकर उनकी अंगुली काट लेता था। बाद में उनकी माला बनाकर अपने गले में डाल लेता था। इसलिए लोग उसे अंगुलिमाल बुलाते थे। एक बार जंगल से महात्मा बुद्ध गुजर रहे थे। उन्हें देखते ही अंगुलिमाल प्रसन्न हो गया कि आज उसे कुछ और अंगुलियाँ माला में पिरोने के लिए मिलेंगी। उसने गरजते हुए महात्मा बुद्ध से कहा–'ठहर जा।' महात्मा बुद्ध शांत स्वभाव से मुसकराते हुए बोले, 'मैं तो ठहर गया, पर तुम कब ठहरोगे?' अंगुलिमाल हैरान रह गया, क्योंकि लोग उसे देखते ही डर जाते थे और उससे दया की भीख माँगने लगते थे। उसने बुद्ध से पूछा–'तुम मुझसे डरे नहीं? अगर मैं चाहूँ तो तुम्हें मारकर तुम्हारी अंगुलियाँ अपनी माला में डाल लूँ।' बुद्ध शांत भाव से बोले, 'पुत्र, इस संसार में ऐसा कौन है, जो मरा नहीं। एक दिन तो सभी को मरना है, तुम्हें भी, मुझे भी, फिर मृत्यु से डर कैसा?'

**प्रश्न 47. डाकू का नाम अंगुलिमाल क्यों पड़ा?**

(क) वह लोगों की अंगुलियाँ काटकर खाता था।

(ख) वह लोगों को मारकर उनकी अंगुलियों की माला पहनता था।

(ग) उसे लोगों की अंगुलियाँ काटकर जमा करना पसंद था।

(घ) अंगुलियों से प्रेम होने के कारण।

**प्रश्न 48. अगुंलिमाल महात्मा बुद्ध को देखकर प्रसन्न क्यों हुआ?**

(क) क्योंकि वह भूखा था और बुद्ध को खाना चाहता था।

(ख) क्योंकि वह उनकी महानता से परिचित था।

(ग) क्योंकि वह उनकी अंगुलियाँ माला में पिरो सकता था।

(घ) क्योंकि वह ज्ञान लेना चाहता था।

**प्रश्न 49. अंगुलिमाल हैरान क्यों था?**

(क) महात्मा बुद्ध को शांत स्वभाव से मुसकराते देखकर।

(ख) महात्मा बुद्ध के बल को देखकर।

(ग) महात्मा बुद्ध के ठहरने पर।

(घ) बुद्ध के चेहरे का तेज देखकर।

**प्रश्न 50. महात्मा बुद्ध डाकू से क्यों नहीं डरे?**

(क) वे बहुत शक्तिशाली और निडर थे।

(ख) वे मृत्यु से नहीं डरते थे।

(ग) वे अंगुलिमाल को हरा सकते थे।

(घ) उन्हें अंगुलिमाल को हरा देने का विश्वास था।

हिंदी विकास मंच